**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सात लाख 56 हजार से ज्यादा पेंशनर्स के खातों में लगभग 111 करोड़ 82 लाख की राशि हस्तांतरित की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में बुक बैंक बनाने के शिक्षा सचिव को निर्देश दिए।
- गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने पौड़ी जिले की मुख्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

**पेंशन भुगतान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज वन क्लिक के माध्यम से विभिन्न राज्य पोषित योजनाओं से आच्छादित समाज कल्याण विभाग के सात लाख 56 हजार से ज्यादा पेंशनर्स के खातों में लगभग 111 करोड़ 82 लाख की राशि अप्रैल माह की पेंशन के रुप में हस्तांतरित की। इसमें वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन शामिल है। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत्योदय के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में हर साल 60 हजार से अधिक नए लाभार्थियों को समाज कल्याण पेंशन योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आर्थिक संबल प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए वार्षिक आय को व्यावहारिक बनाए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही पेंशन योजनाओं सहित विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी एक जगह पर उपलब्ध कराने को कहा। इस मौके पर विभागीय मंत्री खजान दास ने कहा कि पेंशन योजनाओं में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा रही है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में बुक बैंक बनाने के शिक्षा सचिव को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद किताबों को इन बुक बैंक्स में वापस रखा जा सकेगा और अगले सत्र में नए छात्रों को इन किताबों को वितरित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि जो किताबे खराब हो गई हों या बच्चे किसी कारण से इसे वापस नहीं कर पाएं, तो मांग के अनुरूप किताबें छपवाई जाएं। इससे हर साल हज़ारों किताबें छपवाने के लिए करोड़ों रुपए का खर्च बचेगा। श्री बर्धन ने आज सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों में कक्षा कक्षों और छात्रावास आदि के भवन निर्माण कार्यों में तेज़ी लाने के लिए नाबार्ड से फंडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विद्यालयों में बिजली, पानी, शौचालय सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराए जाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने विद्यालयों में डिजिटल पुस्तकालयों की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकों को पढ़ने और ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

**कांवड यात्रा तैयारी**

हरिद्वार में आगामी कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आज संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कुंभ मेला

से संबंधित कार्यों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूरी करने की रणनीति भी तय की गई। जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा क्षेत्र में कुंभ से संबंधित शीघ्र पूरे किए जाने वाले निर्माण कार्यों को हर हाल में 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए।

**कृशि मंत्री**

प्रदेश में चाय उत्पादन के विस्तार और विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कृषि मंत्री गणेश जोशी आज देश के प्रमुख चाय उत्पादक राज्य असम के पांच दिवसीय भ्रमण पर रवाना हुए। इस दौरान श्री जोशी असम के प्रमुख चाय बागानों का दौरा कर उत्पादन क्षमता, प्रसंस्करण और विपणन प्रणाली का विस्तृत अध्ययन करेंगे। वे स्थानीय चाय उत्पादकों, निर्यातकों और विशेषज्ञों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में चाय की गुणवत्ता सुधार व विपणन को सशक्त बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करेंगे। इसके अलावा कृषि मंत्री असम की आधुनिक चाय फैक्ट्रियों का निरीक्षण कर वहां अपनाई जा रही नवीनतम तकनीकों का अवलोकन करेंगे और फैक्ट्री स्वामियों के साथ संवाद कर उत्तराखण्ड में तकनीकी उन्नयन की संभावनाओं पर भी चर्चा करेंगे।

**गढ़वाल आयुक्त**

गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने आज पौड़ी में जिले की मुख्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पेयजल, बिजली और गैस जैसी आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पौड़ी शहर में पम्पिंग योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए बिजली आपूर्ति के विकल्प के रूप में 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए जल संस्थान को उपलब्ध कराई। साथ ही निर्देशित किया कि अगले तीन दिनों के भीतर पौड़ी नगर की सभी प्रमुख पंपिंग योजनाओं में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर स्थापित किए जाएं। बैठक के दौरान पौड़ी और श्रीनगर में रसोई गैस की किल्लत और बैकलॉग पर चर्चा करते हुए आयुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी को सिलेंडरों का वितरण बुकिंग के आधार पर ही किए जाने के निर्देश भी दिए।

**मेडिकल कॉलेज/निरीक्षण**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भवन में डिजाइन संबंधी खामियां पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंभियंताओं को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सभी तकनीकी और डिजाइन संबंधी त्रुटियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**छात्रा सम्मान**

बागेश्वर जिले में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को आज कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ‘‘मेधावी बेटियों का सम्मान, जनपद का बढ़ता मान’’ संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल मेहनत ही नहीं, सही दिशा में मेहनत करना भी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से अभी से अपने लक्ष्य तय करने और उसी के अनुसार तैयारी शुरू करने को कहा। छात्रा खुशी कांडपाल ने यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था।